एक नजर में

## अग्रसेन यूथ क्लब ने किया कन्या पूजन



**इन्दौर.** रामनवमी के पावन प्रसंग पर अग्रसेन यूथ क्लब की ओर से शुक्रवार को नवलखा काम्प्लेक्स स्थित सेवा सदन पर क्लब के सदस्यों ने कन्या पूजन का विधि विधान से आयोजन कर उन्हें भोजन कराया. क्लब अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल बालाजी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंघल, अतुल अग्रवाल, संजय बांकडा, राहुल गोयल बंटी, संदीप गोयल ऑटो, प्रयोग गर्ग, राजीव बांकडा तथा यूथ क्लब की कार्यकारिणी के सदस्य अमल गोयल, आयुष जिंदल, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, जयेश जिंदल, संगीता गर्ग एवं रितू गोयल सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य उपस्थित थे. कन्याओं के पाद पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ.

## मधुमेह व मोटापे से मुक्ति शिविर में 452 लोगों की जांच



**इंदौर.** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में शनिवार को स्कीम 140, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के सामने स्थित आंचल नगर में केन्द्रीय समिति के हाईटेक कार्यालय भवन पर चौथे स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर में पहले दिन 452 समाज बंधुओं ने अपनी जांचे कराई. क्षेत्र के समाज बंधुओं की ओर से संयोजक किशोर गोयल, अरविन्द वेल्यूअर, अरविन्द बागड़ी, राजेश बंसल, हितेश अग्रवाल, अमित ब्रजमोहन अग्रवाल, सुशील बैरीवाल, पंकज अग्रवाल जय गणेश तथा मातृशक्ति की ओर से दीप्ति राजेश अग्रवाल, विनिता अर्पित बंसल, रेखा-गिरीश तोडीवाला, लता गर्ग, डॉ. तरु गुप्ता, भावना गोयल, शीतल तोडीवाला आदि ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। रविवार को भी सुबह 8 बजे से 20 चिकित्सकों और उनके सहयोगी पैरामेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा समाज बंधुओं की जाँच की जाएगी.

## जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, शाह व वोरा संरक्षक नियुक्त





**इंदौर.** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन ने संस्थान वर्ष 2026-29 त्रैवार्षिक के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष जैन इन्दौर के व शैलेश शाह, पवन वोरा को संरक्षक की नियुक्ति कर अतिशीघ्र राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के मनोनीत किए जाने का निर्णय लिया गया है. हर्ष जैन को महावीर जयंती के दिन महावीर अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन ने सभी प्रदेशों के अध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि 30 मार्च सोमवार 2026 को भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक के पुनीत अवसर पर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को प्रात: भव्य प्रभातफेरी निकाल श्री जी कि पुजा अर्चना कर अपने अपने स्थानों पर वृद्धाश्रमो मे वृद्धजनों को भोजन कराएं एवं चिकित्सालयों में मरीजों को फल वितरित कर संस्थान कार्यालय को फोटो भिजाने का आग्रह किया है. संस्थान के मप्र के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि बैठक कि अध्यक्षता कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया ने की, संचालन महामंत्री रितेश सुरावत ने किया धन्यवाद राजस्थान संरक्षक सुमति लाल दुदावत दिया. बैठक में हिम्मत लुणदिया, हंस मुख जैन, रमेश जुसोत, सुन्दर लालावत, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चेतना भादावत, मंत्री सारिका सुरावत,पियुष जैन सहित सभी कोर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे.

## लिटिल चैंपियंस मीट का आयोजन



**इंदौर.** बच्चों की हिम्मत, जज़्बे और मुस्कान को समर्पित 'लिटिल चैंपियंस मीट' का आयोजन केयर सीएचएल हॉस्पिटल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया. इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 20 बच्चों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य उन नन्हे योद्धाओं का सम्मान करना था, जिन्होंने कम उम्र में ही स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हुए अद्भुत साहस और दृढ़ता का परिचय दिया है. एनआईसीयू से बाहर आए हुए ये बच्चे आज स्वस्थ जीवनयापन कर रहे हैं. हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और उनके परिजनों के साथ एक भावनात्मक और प्रेरणादायक संवाद स्थापित किया गया. इस दौरान बच्चों और उनके परिवारों ने अपने अनुभव, संघर्ष और सफलता की कहानियाँ साझा कीं, जिसने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया. हॉस्पिटल के एचसीओओ मनीष गुप्ता ने कहा लिटिल चैंपियंस मीट उन बच्चों के साहस को सलाम करने का एक प्रयास है, जिन्होंने अपनी छोटी उम्र में बड़ी लड़ाइयाँ जीती हैं. ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और बच्चों के आत्मविश्वास को और मजबूत बनाते हैं. हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष जैन ने कहा हर बच्चा अपने आप में एक चैंपियन होता है, लेकिन जो बच्चे स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से उबरते हैं, वे वास्तव में प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं. बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ पिपरसानिया ने बताया इस तरह के आयोजनों से बच्चों को एक ऐसा मंच मिलता है, जहां वे खुद को खास महसूस करते हैं और उनके आत्मबल में वृद्धि होती है.

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज का आज कई जिलों में परिचय सम्मेलन

**इंदौर.** समाज बंधुओ एवं विवाह योग्य युवक- युवतियों के पालकों के समय एवं धन की बचत के उद्देश्य से श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा ने इस वर्ष भी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन राज्य के सभी प्रमुख समाज बाहुल्य जिलों में एक ही दिन, एक ही समय एवं एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर कराने का निर्णय लिया है. इंदौर में यह परिचय सम्मेलन रविवार 29 मार्च को सुबह 10 बजे से राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर होगा। उम्मीद है कि इसमें करीब 2 हजार प्रत्याशी शामिल होंगे. परिचय सम्मेलन के साथ समाज का स्नेह सम्मेलन भी इसी अवसर पर होगा. श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा इंदौर परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष पं. पप्पू शर्मा, सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. देवेंद्र शर्मा, पं. भगवती शर्मा, पं. अनिल शर्मा, पं. संजय जारोलिया एवं पं. दीपक शर्मा ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 2 हजार से अधिक उच्च शिक्षित युवक-युवती प्रत्याशियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं जिनमें अधिकांश डॉक्टर, इंजीनियर, एनआरआई, सीए तथा विदेशों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में उच्च पैकेज पर कार्यरत प्रत्याशी शामिल हैं. गत वर्ष हुए सम्मेलन में करीब 200 रिश्ते हुए थे. इस बार भी इंदौर के साथ भोपाल और देवास सहित अन्य बड़े शहरों में परिचय सम्मेलन एक ही दिन अर्थात 29 मार्च को एक ही समय और एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर आयोजित करने की तैयारियां की जा रही हैं। गत वर्ष भी समाज स्तर पर किया गया यह प्रयोग काफी सार्थक एवं उपयोगी रहा है. इंदौर में होने वाले इस सम्मेलन की तैयारियां अंतिम दौर में पहुँच गई हैं। देश-विदेश से प्रविष्टियां मिलने का सिलसिला जारी है. सनाढ्य सभा के तत्वावधान में विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया है.

# ऊर्जा संकट : तुलसी नगर वासियों की अनूठी पहल

### गैस की किल्लत में मिट्टी के चूल्हों पर 4000 श्रद्धालुओं के लिए बनी महाप्रसादी

**इंदौर. ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण पूरे विश्व में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है. ऐसे समय में इंदौर शहर के तुलसी नगर कॉलोनी के रहवासियों ने एक अनूठी मिसाल पेश की है- जहां एलपीजी सिलेंडर जैसे आधुनिक संसाधनों की कमी ने हमें हमारी समृद्ध परंपराओं की ओर लौटने का रास्ता दिखाया.**

राम नवमी के पावन अवसर पर तुलसी नगर स्थित अनंतेश्वर धाम में लगभग 4000 श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी तैयार की गई. खास बात यह रही कि इस विशाल आयोजन में भोजन बनाने के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी के चलते पारंपरिक मिट्टी के चूल्हों का सहारा लिया गया. आयोजकों ने बताया कि प्रारंभ में महाप्रसादी के लिए एलपीजी सिलेंडरों की व्यवस्था करने का प्रयास किया गया, लेकिन आवश्यक संख्या में सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सके. ऐसे में मंदिर परिसर के एक कोने में जमीन खोदकर देसी मिट्टी के चूल्हों का निर्माण किया गया. कॉलोनी में सूखे पेड़ों से लकड़ी एकत्रित कर चूल्हा जलाने की व्यवस्था की गई. इन पारंपरिक चूल्हों पर भोजन बनाने वाले कारीगरों ने पूरे श्रद्धा और समर्पण के साथ स्वादिष्ट पकवान तैयार किए, जिनका प्रसाद सभी श्रद्धालुओं ने आनंदपूर्वक ग्रहण किया.




**प्राचीन परंपराओं को अपनाने की आवश्यकता**

तुलसी नगर के रहवासियों ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में हमें अपनी प्राचीन भारतीय पाक परंपराओं को अपनाने की आवश्यकता है. यह पहल न केवल आत्मनिर्भरता का संदेश देती है, बल्कि पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरणादायक कदम है.

# लक्ष्मीबाई नगर इंदौर- श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शुरू

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** यात्रियों की सुविधा और ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से श्रीगंगानगर के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. यह ट्रेन विशेष किराये पर सीमित अवधि के लिए संचालित की जाएगी.

ट्रेन संख्या 04736 लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से प्रत्येक शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 से 10 जुलाई 2026 तक दोपहर 13.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शनिवार को 12:20 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 04735 श्रीगंगानगर से प्रत्येक गुरुवार 2 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक 12.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार सुबह 09.55 बजे लक्ष्मीबाई नगर इंदौर) पहुंचेगी. यह ट्रेन रतलाम मंडल के प्रमुख स्टेशनों जैसे फतेहाबाद, रतलाम, मंदसौर, नीमच और चित्तौड़गढ़ सहित भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, फतेहपुर शेखावटी, चूरू, हनुमानगढ़ आदि स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव करेगी.

**यात्रियों को विकल्प मिलेगा**

ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर तथा जनरल श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्ग के यात्रियों को यात्रा का विकल्प मिलेगा. ट्रेन संख्या 04736 के लिए टिकट बुकिंग 28 मार्च 2026 से रेलवे के पीआरएस काउंटरों और ऐप/वेबसाइट पर शुरू होगी. यह विशेष ट्रेन यात्रियों को गर्मी के मौसम में राहत प्रदान करेगी.

## 'सबके राम' महोत्सव में किन्नर समाज सहित 21 समाज के लोगों ने की श्रीराम की महाआरती

**इंदौर.** दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर गत 19 मार्च से चल रहे नौ दिवसीय 'सबके राम' महोत्सव में शुक्रवार की रात एक लाख से अधिक भक्तों ने पहुंचकर वृन्दावन के भव्य प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में विराजित राम दरबार के दर्शन पूजन का पुण्य लाभ उठाया, वहीं शनिवार को अभिजीत मुहूर्त में अवध लोक में ही सभी प्रतिमाओं का विद्वान आचार्यों के निर्देशन में विधि विधान के साथ पार्थिव पूजन कर नम आँखों से विर्सजन किया गया. इसके पूर्व शुक्रवार को दोपहर में पालने में विराजित नन्हें प्रभु श्रीराम लला की जन्म आरती में भी हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रामलला के पालने को झुलाने का पुण्य अर्जित किया.

'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि रात्रि में किन्नर समाज की ओर से उनके महामंडलेश्वर सीतानंद गिरी तथा अन्य साथियों ने भी प्रभु श्रीराम के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना की. समापन बेला में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, डॉ. माला ठाकुर, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, अनुभव दुबे, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा, पार्षद सतनाम सिंह खनूजा, पार्षद संदीप दुबे एवं शिखा दुबे, समाजसेवी हरीश विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे.



# मांगलिया रेलवे ब्रिज की धीमी गति से नाराज लोग सड़क पर उतरे

**दोपहर तक चला धरना-प्रदर्शन**

**महिलाएं बोलीं... कोई तो समझे हमारी परेशानी**

**इंदौर.** मांगलिया रेलवे ब्रिज का काम जल्द पूरा कराने की मांग को लेकर शनिवार को क्षेत्र के रहवासियों ने रेलवे ब्रिज संघर्ष समिति के बैनर तले सुबह से दोपहर तक धरना-प्रदर्शन किया. इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान और स्थानीय लोग शामिल हुए और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई.

मांगलिया क्षेत्र में अधूरे रेलवे ब्रिज को लेकर लोगों का गुस्सा सड़कों पर नजर आया. संघर्ष समिति के नेतृत्व में सुबह से ही लोग एकत्रित हो गए और दोपहर की तेज धूप तक प्रदर्शन जारी रखा. अगरबत्ती फैक्ट्री में काम करने वाली बड़ी संख्या में महिलाएं भी प्रदर्शन में पहुंचीं. उन्होंने कहा कि ब्रिज का काम तीन साल से चल रहा है, लेकिन पिछले कई महीनों से पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे रोजाना आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. प्रदर्शन के दौरान जनप्रतिनिधियों पर भी लोगों ने नाराजगी जताई. स्थानीय रहवासियों का कहना था कि जिन नेताओं को वर्षों से जिताते आ रहे हैं, वही अब ब्रिज निर्माण में देरी के मुद्दे पर चुप हैं और वे ठेकेदार कंपनी के पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं. धरने में उन दो युवकों धीरज और संदीप के परिजन भी शामिल हुए, जिनकी मौत कुछ समय पहले मांगलिया व्यासखेड़ी रोड पर लगे भीषण जाम में फंसने के दौरान हार्ट अटैक से हो गई थी. परिजनों ने दोनों मृतकों के लिए एक एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग उठाई.



**प्रभावित किसानों ने मांगा चार गुना मुआवजा**

इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने भी मंच से अपनी मांगें रखीं. किसानों ने कहा कि उन्हें बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए, जैसा अन्य परियोजनाओं में दिया है. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे लाइन के ठेकेदार द्वारा सांवेर क्षेत्र में तालाबों में अवैध खनन किया जा रहा है. किसानों ने इस मामले में ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई और 10 गुना रॉयल्टी वसूलकर प्रभावित किसानों में बांटने की मांग की. संघर्ष समिति के हंसराज मंडलोई ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ब्रिज निर्माण की स्पष्ट डेडलाइन घोषित नहीं की गई और मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और बायपास जाम करने तक की स्थिति बन सकती है. धरना प्रदर्शन में क्षेत्र के कई किसान नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में जल्द समाधान की मांग की.

# नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की शुरुआत स्वयं से करनी होगी

**इंदौर मैनेटमेंट एसो. द्वारा प्रेरणादायक संगोष्ठी**



**इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा एथिक्स एंड वैल्यूड्ड ए वेक कॉल फॉर सोसाइटी विषय पर प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन जाल ऑडिटोरियम में किया गया.**

यह कार्यक्रम दृश्यम इवेंट और इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में समाज में घटते नैतिक मूल्यों पर विचार-विमर्श करना और लोगों को इसके प्रति जागरूक बनाना था.

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों- विद्यार्थियों, प्रोफेशनल्स, शिक्षकों और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. उपिंदर धर ने अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि यदि हमें समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना करनी है, तो इसकी शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी. उन्होंने अपने संबोधन में ईमानदारी, जिम्मेदारी, पारदर्शिता और आत्म-अनुशासन जैसे मूल्यों के महत्व पर विशेष जोर दिया. उनके विचारों ने उपस्थित सभी लोगों को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया. मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जनक पाल्टा मैकगिलिगन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सरल जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने और मानवीय मूल्यों को जीवन में उतारने का संदेश दिया. इसके अतिरिक्त अन्य वक्ताओं डॉ. ताहिरा जाधव, डॉ. उषा मुल्लिक, डॉ. गरिमा संजय दुबे, सुधीन्द्र मोहन शर्मा, डॉ. संतोष धर, श्री अराश फजली एवं सुश्री तापती रॉय—ने भी अपने विचार साझा किए.

**वक्ताओं-प्रतिभागियों के बीच हुआ संवाद**

वक्ताओं और प्रतिभागियों के बीच सार्थक संवाद हुआ, जिसमें नैतिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और बदलते समय में मूल्यों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई. कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में, इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा पद्मश्री डॉ. जनक पाल्टा मैकगिलिगन को पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल जीवनशैली को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया. सम्मान आईएमए के प्रेसिडेंट नवीन खंडेलवाल द्वारा प्रदान किय. इस अवसर पर अनीता गुरु प्रसाद, प्रतीक जैन, रहबर रज़ा और यश जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे

## कांच मंदिर से कल निकलेगी स्वर्ण रथ यात्रा

**इंदौर.** भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर इंदौर शहर के 131 मंदिरों में प्रात: श्री जी की शोभायात्रा के बाद भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा जी के अभिषेक एवं विशेष पूजा होगी. अधिकतर घरों में धर्म ध्वज लगा दी हैं. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि 30 मार्च को दोपहर 2 बजे महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध कांच मंदिर, हुकुमचंद मार्ग से भव्य स्वर्ण रथ यात्रा निकलेगी. स्वर्ण रथ यात्रा के सारथी बनने का सौभाग्य रोहित गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ है. शोभा यात्रा के प्रमुख संयोजक होंगे- नकुल पाटोदी एवं हर्ष जैन. 11 घोड़े, चार हाईटेक बग्घियों, बेंड-बाजों एवं पांच गोटों के लवाजमे के साथ निकलने वाली इस स्वर्ण रथ यात्रा में रथ में रजत सिंहासन पर भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को विराजित करेंगे.

punjab national bank ...the name you can BANK upon!
**तनावग्रस्त संपत्ति प्रबंधन शाखा, मुंबई**
पीएनबी प्रगति टॉवर, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर C-9, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051

**शुद्धि-पत्र**

दिनांक 28.02.2026 को 'द परफेक्ट वॉयस' और 'वृत्त मानस' (मुंबई संस्करण) के साथ-साथ 'सेंट्रल क्रॉनिकल' (भोपाल) और 'नवभारत' (इंदौर) में प्रकाशित ई-नीलामी बिक्री नोटिस के संबंध में.
जूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में 30.03.2026 को नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों की बिक्री के लिए अतिरिक्त शर्तें- कृपया ध्यान दें कि संपत्तियों की बिक्री PMLA कोर्ट, इंदौर के दिनांक 17.01.2026 के आदेश के अनुसार उनकी मंजूरी के अधीन होगी, जो कि केस नंबर Spl S T No. 162 / 15 में पारित किया गया है.
दिनांक : 28.03.2026 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मुंबई पंजाब नेशनल बैंक

एक नजर में

**अग्रवाल महासभा का परिचय सम्मेलन शुरू**

# प्रत्याशियों ने मंच से बताई अपनी प्राथमिकताएं



इंदौर. श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में शनिवार को गांधी हाल प्रांगण में तीन दिवसीय अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ मंच पर सबसे पहले परिचय देने पहुंची युवती प्रत्याशियों ने महापौर परिषद के सदस्य पार्षद मृदुल अग्रवाल, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंघल, समाजसेवी एलएन बंसल एवं सत्यनारायण गर्ग के आतिथ्य में महाराजा अग्रसेन के चित्र पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा जयघोष के बीच किया. समाजसेवी स्व. मिश्रीलाल गोयल की स्मृति में हो रहे इस सम्मेलन में पहले दिन 170 प्रत्याशियों ने मंच पर पहुंचकर अपने परिचय दिए और भावी जीवनसाथी के बारे में खुलकर अपनी प्राथमिकताएं भी बताई. किसी को आईटी सेक्टर में कार्यरत जीवनसाथी चाहिए तो किसी को समकक्ष एमबीए और किसी को स्वयं के कारोबार में स्थापित प्रत्याशी. कुछ युवक-युवती प्रत्याशियों ने मंच से ही संकल्प व्यक्त किया कि वे दहेज मुक्त विवाह करने वाले प्रत्याशी को प्राथमिकता देंगे. महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल, महामंत्री अजय बंसल एवं मनीष जैन ने बताया कि देश के 12 हिन्दी भाषी राज्यों से कुल 1293 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई हैं। आज 32 प्रविष्ठियां स्पॉट पंजीयन से भी प्राप्त हुई। इन्हें मिलाकर 1325 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं.

**परिचय पुस्तिका का किया लोकार्पण**

सम्मेलन स्थल पर 'निहारिका गैलरी' पूरे समय आकर्षण का केन्द्र बनी रही, जिसमें सभी प्रत्याशियों के चित्र एवं उनके पंजीयन क्रमांक दिए गए हैं. परिचय पुस्तिका में भी इन सभी प्रत्याशियों के सचित्र विवरण प्रकाशित किए गए हैं. प्रत्याशियों एवं पालकों की सुविधा के लिए सम्मेलन की परिचय पुस्तिका का लोकार्पण सम्मेलन शुरू होने के पहले ही आयोजन से जुड़े नवीन गोयल, एल.बी. अग्रवाल, रमेश तायल, श्याम अग्रवाल, एन.एल. बंसल, श्याम गोयल आदि ने किया. स्वागत उदबोधन संस्था के समन्वयक संतोष गोयल ने दिया और इतनी बड़ी संख्या में प्रविष्ठियां मिलने का श्रेय अपनी टीम को दिया. सम्मेलन के दूसरे दिन की कार्रवाई रविवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी. इस दौरान सभी पालक एवं प्रत्याशी दोनों दिनों में स्वच्छता, ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए सकोरे रखने तथा यातायात नियमों के पालन की शपथ भी लेंगे.

